हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
10 फ़रवरी 2025, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के आठवें संस्करण में विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान तनाव एवं चिंता पर काबू पाने के गुर सिखाए।

- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि 'परीक्षा पे चर्चा' का कार्यक्रम विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने में वरदान साबित होगा।

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला के शहीद मेजर अनुज राजपूत राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों के साथ'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम देखा।

- मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

- हरियाणा में तीन-चार वर्षों के अंदर सभी किसानों को 'हर खेत-स्वस्थ खेत' अभियान के अन्तर्गत मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिए जायेंगे।

- पलवल जिला परिषद के चुनाव में श्रीमती रेखा बांसवा प्रधान और श्री उमेश उप - प्रधान चुने गए।

*************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के आठवें संस्करण में विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान तनाव एवं चिंता पर काबू पाने के गुर सिखाए और अपने समग्र विकास पर बल दिया ।विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने परीक्षा के दबाव से मुक्त होकर तैयारी करने और खुद को चुनौती देते रहने की सलाह दी।

*बैट्समैन उस प्रेशर की परवाह नहीं करता। येस सर। उसका पूरा ध्यान उस बॉल पर होता है। अगर आप भी इस प्रेशर को मन में न लेते हुए, अपना ध्यान, आज मैंने इतना पढ़ना तय किया था, ये अगर कर लेते हैं, आप आराम से उस प्रेशर में से भी अपने आपको निकाल सकते हैं।*

प्रधानमंत्री मोदी ने पोषण और आरोग्य के महत्व का भी उल्लेख किया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने के लिए मोटे अनाज और सब्जियां खाने की सलाह दी। उन्होंने नींद और पोषण के संबंध पर भी बात की।

*पोषण में शरीर की वेलनेस के लिए, फिटनेस के लिए, नींद का बहुत महत्व है और इन दिनों तो पूरा मेडिकल सांइस इस बात पर केन्द्रित हो रहा है कि जो पेशंट आता है, उसकी नींद कैसी है, कितने घंटे सोता है, ये सारे सवालों का बहुत गहराई से अध्ययन करना।*

परीक्षा पे चर्चा के इस संस्करण में प्रधानमंत्री से सीधे संवाद करने के लिए सभी राज्यों और केन्द्र-शासित प्रदेशों से लगभग 36 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिनमें हरियाणा के दो छात्र शामिल हैं।

**********************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि 'परीक्षा पे चर्चा'कार्यक्रम विद्यार्थियों और युवाओं का मनोबल बढ़ाने में वरदान साबित होगा।
श्री दत्तात्रेय ने आज हरियाणा राजभवन में 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम सुनने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समय-समय पर विद्यार्थियों और युवाओं की हिम्मत व हौंसला बढ़ाते रहते हैं। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम से युवाओं को परीक्षा में होने वाले तनाव से मुक्ति मिलेगी और वे परीक्षाओं में बेहतर कर पाएंगें।

*******************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला में शहीद मेजर अनुज राजपूत राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 'परीक्षा पे चर्चा' पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के साथ प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने स्कूल प्रांगण में शहीद मेजर अनुज राजपूत की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के साथ बातचीत की और उन्हें परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।'परीक्षा पे चर्चा' पर आज के संस्करण को लेकर उन्होंने कहा–

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को सफलता का मूलमंत्र देते हुए कहा कि वे जीवन में चुनौतियों को स्वीकार करें और उनसे घबराए नहीं। उन्होंने कहा कि इस तरह बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल किया जा सकता ।

**********************************************************************

हरियाणा में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय सहित विभिन्न स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में "परीक्षा पे चर्चा" कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया।अध्यापकों और विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के प्रसारण

के बाद कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री द्वारा की गई चर्चा से तनाव से बचने के कई मंत्र मिले हैं जो परीक्षा के दिनों में उनके लिए उपयोगी होंगे।

हिसार ज़िले में नलवा के एक स्कूल की छात्रा पुनीत ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम देखने का अनुभव साझा करते हुए कहा

अंबाला छावनी में केंद्रीय विद्यालय की अध्यापिका डॉ सीमा ने कहा कि प्रधानमंत्री को सुनने के बाद छात्रों का मनोबल बढ़ा है।

विभिन्न स्कूलों में विद्यार्थियों ने कहा कि हर वर्ष प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा से पहले चर्चा करने से उनका तनाव कम होता है और उन्हें निश्चिंत हो कर परीक्षा की तैयारी करने में भी मदद मिलती है।

*****************************************************************************

*****************************************************************************

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि 'हर खेत-स्वस्थ खेत' अभियान के अन्तर्गत राज्य के प्रत्येक एकड़ के मृदा नमूने लेकर सभी किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिए जाएंगे। यह कार्य आगामी तीन-चार वर्षों में पूरा कर लिया जाएगा।उन्होंने बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत अब तक लगभग 70 लाख मृदा नमूने लिए जा चुके हैं तथा 55 लाख नमूनो का विश्लेषण करने उपरांत मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अब तक मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के तहत कुल 86 लाख 65 हजार कार्ड दिए गए हैं।

*****************************************************************************

पलवल में आज हुए जिला परिषद के चुनाव में श्रीमती रेखा बांसवा को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया ह। वहीं श्री उमेश उप प्रधान के लिए निर्वाचित हुए।जिला उपायुक्त हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया–

उपायुक्त ने बताया कि चुनाव सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ, जिसमें सभी जिला पार्षदों ने अहम भूमिका निभाई।

*****************************************************************************

राष्ट्रीय गोकुल मिशन व हरियाणा गाय नस्ल सुधार परियोजना के तहत भिवानी की श्री गौशाला न्यास में आज बांझपन उपचार शिविर एवं पशुपालन गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर पशु चिकित्सक डॉ. विजय सनसनवाल ने गायों के संरक्षण के लिए सरकार द्वारा

चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होने विभाग द्वारा गायों की डेयरी के लिए ऋण योजना और पशु बीमा की योजना से भी पशुपालकों को अवगत करवाया। उन्होंने गायों के बांझपन व कृमि रहित रखने के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके पर हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के पशु चिकित्सक डॉ. जतिन चौधरी ने कहा कि गायों को बांझपन की बीमारी से बचाने के लिए प्रतिदिन पशुओं को खनिज मिश्रण देना चाहिए। गोष्ठी में पशुपालकों को खनिज मिश्रण वितरित भी किया गया।